**प्रादेशिक समाचार**
**दिनांक– 11.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)**
**मुख्य समाचार**

1. **राज्य सरकार हृदय रोग से पीड़ित बच्चों का करायेगी मुफ्त उपचार, पहले चरण में 56 बच्चों को सर्जरी के लिए किया गया चयनित।**
2. **पलामू सांसद ने दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन सचिव से की मुलाकात; पलामू और गढ़वा में नई सड़क परियोजनाओं की मांग।**
3. **राज्य में जेएसएससी उत्पाद सिपाही परीक्षा कल; भाषा परिवर्तन के सभी आवेदन निरस्त, 8 जिलों में पुख्ता तैयारी।**
4. **हूल क्रांति के नायक वीर शहीद सिदो–कान्हू की जयंती आज; पैतृक गांव भोगनाडीह में उमड़ा जनसैलाब, महात्मा ज्योतिबा फुले को भी याद कर रहा है राष्ट्र।**
5. **राज्य में अब तेजी से चढ़ेगा पारा; मौसम विभाग ने अगले कुछ दिनों में तापमान में 7 डिग्री बढ़ोतरी की जताई संभावना।**

**********************

राज्य के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बच्चों के हृदय रोग के उपचार के लिए एक बड़ी पहल शुरू की है। रांची में आयोजित राज्यस्तरीय स्क्रीनिंग कैंप में 170 बच्चों की जांच की गई, जिनमें से 56 बच्चों को मुफ्त हार्ट सर्जरी के लिए चयनित किया गया है। एनएचएम के निदेशक शशि प्रकाश झा ने कहा कि अब आर्थिक तंगी किसी बच्चे के इलाज में बाधा नहीं बनेगी और जल्द ही राज्यभर में ऐसे कैंप लगाए जाएंगे।

**********************

जल संसाधन मंत्री हफीजुल हसन ने देवघर के मधुपुर में करीब 23 करोड़ रुपये की 50 विकास योजनाओं का शिलान्यास किया। इन योजनाओं में स्वास्थ्य उपकेंद्र, सिंचाई परियोजनाएं, सड़क निर्माण और 25 बेड का छात्रावास शामिल है। मंत्री ने कहा कि इन कार्यों से स्थानीय लोगों के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार आएगा।

**********************

नारी शक्ति वंदन अधिनियम को लेकर झारखंड की प्रख्यात पर्यावरणविद् और पद्मश्री चामी मुर्मू ने केंद्र सरकार के फैसले का पुरजोर स्वागत किया है। उन्होंने 16 से 18 अप्रैल तक बुलाये गए संसद के विशेष सत्र को महिला सशक्तीकरण की दिशा में एक ऐतिहासिक मील का पत्थर बताया है।

**********************

पलामू के सांसद विष्णु दयाल राम ने नई दिल्ली में केंद्रीय सड़क परिवहन सचिव वी. उमाशंकर से मुलाकात कर पलामू और गढ़वा जिलों में सड़क विकास पर चर्चा की। उन्होंने लंबित राष्ट्रीय राजमार्गों को जल्द पूरा करने और नए उच्च गुणवत्ता वाले मार्गों के निर्माण की मांग की, ताकि क्षेत्र में कनेक्टिविटी और सुगम हो सके।

**********************

देवघर जिले में महिला सुरक्षा और बाल कल्याण को लेकर उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और एसपी ने अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उपायुक्त ने कहा कि कानून केवल दंड के लिए नहीं, बल्कि विकास का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने का माध्यम है। बैठक में घरेलू हिंसा रोकने और युवाओं को नशे से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए।

**********************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग ने उत्पाद सिपाही प्रतियोगिता परीक्षा के लिए भाषा परिवर्तन के सभी आवेदनों को निरस्त कर दिया है। आयोग के अनुसार, अभ्यर्थियों को क्षेत्रीय भाषा की जानकारी पहले ही दे दी गई थी। यह परीक्षा कल रांची सहित राज्य के 8 जिलों में निर्धारित केंद्रों पर आयोजित की जाएगी।

**********************

केंद्रीय जनजातीय कार्य मंत्री जुएल ओराम ने नई दिल्ली में राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति वित्त एवं विकास निगम के 25वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित किया। उन्होंने बताया कि निगम ने अब तक 16 लाख जनजातीय लाभार्थियों को 4 हजार करोड़ रुपये से अधिक का ऋण प्रदान कर उद्यमिता को बढ़ावा दिया है। श्री ओराम ने बिना गिरवी के आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

*********************

राष्ट्र आज समाज सुधारक और महान जनसेवक महात्मा ज्योतिबा फुले की जयंती पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप–राष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज संसद परिसर में महात्मा ज्योतिबा फुले की दो सौवीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ. वीरेंद्र कुमार, महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, रक्षा राज्यमंत्री संजय सेठ तथा लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी सहित कई सांसदों ने फुले को श्रद्धांजलि दी।

*********************

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार और मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महान समाज सुधारक महात्मा ज्योतिबा फुले की 200वीं जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। राज्यपाल ने अपने संदेश में कहा कि महात्मा फुले के शिक्षा, समानता और सामाजिक न्याय के विचार समाज को सदैव प्रेरित करते रहेंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने महात्मा फुले के सामाजिक सुधारों और नारी शिक्षा के क्षेत्र में किए गए ऐतिहासिक योगदान को याद किया।

*********************

हूल क्रांति के महानायक वीर शहीद सिदो–कान्हू की जयंती आज उनके जन्मस्थान साहिबगंज के भोगनाडीह में श्रद्धापूर्वक मनाई जा रही है। हजारों लोगों और वंशजों ने पारंपरिक रीति–रिवाज से उन्हें नमन किया। जिला प्रशासन द्वारा बरहेट के पंचकठिया और भोगनाडीह में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं, जहां शहीदों की वीरता और बलिदान को याद किया जा रहा है।

*********************

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने हूल विद्रोह के महानायक सिदो–कान्हू की जयंती पर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनका संघर्ष जल, जंगल और जमीन की रक्षा तथा स्वाभिमान का प्रतीक है। उन्होंने शहीदों के बलिदान को आदिवासी अस्मिता की लड़ाई का अमर अध्याय बताते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। केन्द्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने भी सिदो–कान्हू को याद करते हुए उनका नमन किया है।

*********************

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 41 हजार रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 55 हजार रूपये प्रति किलो है।

*********************

राज्य में बारिश का दौर थमने के साथ ही अब मौसम शुष्क रहेगा। मौसम विभाग के अनुसार, अगले कुछ दिनों में तापमान में 5 से 7 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी संभव है। राज्य के सभी जिलों में पारा 30 डिग्री के पार पहुंच चुका है, जिससे अब भीषण गर्मी और लू का प्रकोप बढ़ने की आशंका है।

*********************

रांची में जारी 16वीं सब–जूनियर नेशनल महिला हॉकी के खिताबी मुकाबले में कल मेजबान झारखंड की भिड़ंत मध्य प्रदेश से होगी। सेमीफाइनल में झारखंड ने उत्तर प्रदेश को 2–0 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई। वहीं, दूसरे सेमीफाइनल में मध्य प्रदेश ने ओडिशा को 2–1 से हराकर फाइनल का टिकट हासिल किया।

*******************